दिनांक 30.01.2026 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

एएचपी घटक के हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया

भिलाईनगर। शासन के मंशानुसार मकानहीन परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री आवास आबंटन की लाटरी का आयोजन किया गया। लाटरी कार्यक्रम में सभापति गिरवर बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, उपायुक्त डी. के. कोसरिया, पार्षद हरिओम तिवारी एवं आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन की उपस्थिति में 34 हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया है।

निगम क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिक जिनके पास स्वयं का पक्का मकान पुरे भारत में नहीं है, उन्हे सरकार द्वारा पक्का मकान उपलब्ध कराने की योजना चलाया जा रहा है। इस योजना के तहत नागरिकों को कम दर पर पक्का मकान दिया जा रहा है। नागरिक नियमानुसार नगर निगम भिलाई के आवास शाखा में आवेदन किये है। आवेदक द्वारा जमा किये गये आवेदनों का सक्षम स्वीकृति लेने पश्चात आवास आबंटन की लाटरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज निगम सभागार कक्ष में कुल 34 पात्र हितग्राहियों का लाटरी निकालकर आवास आबंटित किया गया है। लाटरी के दौरान सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता ठाकुर, जी मोहन राव, नूतन साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।